यूटीयू ने सहायक प्रोफेसर के 150 पदों पर अस्थायी नियुक्ति निकाली

पांच जुलाई तक मांगे ऑफलाइन और ऑनलाइन आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से सत्र 2024-25 के लिए सहायक प्रोफेसर के 150 से अधिक पदों पर अल्पकालिक नियुक्तियां निकाली हैं। इसके तहत पांच जुलाई तक आवेदन मांगे गए हैं। ये नियुक्तियां विश्वविद्यालय समेत कैंपस संस्थानों में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट एवं फार्मेसी संकायों में होंगी। नियुक्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 जुलाई निर्धारित की गई है।

उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ टेक्नोलॉजी (एफओटी), फैकल्टी ऑफ फार्मेसी (एफओपी), फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट (एफओएम) एवं विभिन्न कैंपस संस्थानों में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी संकायों में सहायक पदों के लिए नियुक्ति होगी। ये सभी नियुक्तियां 11 माह की अल्पकालिक अवधि के लिए निर्धारित शर्तों के अधीन होंगी। इसके लिए ऑनलाइन एवं डाक के माध्यम से 5 जुलाई तक आवेदन मांगे गए हैं।

अल्पकालिक अवधि के लिए की जाएगी नियुक्ति

इन शिक्षकों को टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोपावर इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी नई टिहरी, वूमेन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी देहरादून, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोपेश्वर, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी टनकपुर, नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट पिथौरागढ़, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बौन उत्तरकाशी, फैकल्टी ऑफ टेक्नोलॉजी देहरादून, फैकल्टी ऑफ फार्मेसी देहरादून, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट देहरादून में नियुक्ति दी जाएंगी। विवि कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि नियुक्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। 5 जुलाई तक प्राप्त होने वाले आवेदनों के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

विवि देगा शिक्षकों को प्रशिक्षण

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से तकनीकी संस्थानों के शिक्षकों के लिए एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। विवि के एकेडमिक स्टाफ डवलपमेंट सेंटर की ओर से सेमीकंडक्टर विषय पर एक से 6 जुलाई तक शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विवि कुलसचिव की ओर से सभी संस्थानों के निदेशकों को पत्र जारी कर इलेक्ट्रानिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग विभागों से शिक्षकों को प्रतिभाग कराने के लिए कहा गया है। प्रशिक्षण के लिए 30 सीट निर्धारित की गई हैं। विवि के पंडित नारायण दत्त तिवारी कॉन्फ्रेंस हाल में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में पहले आवेदन करने वाले प्रतिभागियों को जगह मिलेगी। संवाद